अखिल भारतीय ऑजणा समाज महासभा, आबू पर्वत (राजस्थान)

षष्ठम आई.ए.एस. प्रतिभा खोज परीक्षा 2026

# प्रेस विज्ञप्ति

कमांक : 03/2026 दिनांक: 26.03.2026

अखिल भारतीय ऑजणा समाज महासभा, आबू पर्वत (राजस्थान) के तत्वाधान में कलबी/पटेल/ऑजणा/चौधरी समाज के स्नातक युवाओं/युवतियों हेतु षष्ठम अखिल भारतीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति परीक्षा 2026 हेतु ऑनलाइन/ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। छात्रवृत्ति परीक्षा पैटर्न, योग्यताएं, निर्देश एवं आवेदन पत्र का प्रारूप आदि महासभा की आधिकारिक वेबसाइट www.akhilanjanamahasabha.com पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10 मई 2026 है। योग्य अभ्यर्थी अंतिम तिथि से पूर्व आवेदन कर सकते हैं।

एम0डी0 चौधरी
(Retd DySP)
महामंत्री
अखिल भारतीय ऑजणा समाज महासभा,
आबू पर्वत (राजस्थान)

Scanned with OKEN Scanner

# अखिल भारतीय ऑजणा समाज महासभा, आबू पर्वत (राजस्थान)
## षष्ठम आई.ए.एस. प्रतिभा खोज परीक्षा 2026

### परीक्षा से संबन्धित आवश्यक निर्देश

आवेदन की अंतिम तिथि :– 10 मई 2026 अधिकारिक वेबसाइट www.akhilanjanamahasabha.com

षष्ठम आई.ए.एस. प्रतिभा खोज परीक्षा 2026 के लिये आवेदन कर रहे अभ्यर्थियों के लिये यह प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति परीक्षा है। योग्य अभ्यर्थी ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते वे निर्दिष्ट पात्रता संबंधी आवश्यक मापदण्ड पूरे करते हों :–

क) परीक्षा के लिये अभ्यर्थी की पात्रता:–

1. इस आई.ए.एस. प्रतिभा खोज परीक्षा में भाग लेने वाला अभ्यर्थी अनिवार्यतः पटेल, कलबी, ऑजणा, चौधरी समाज का ही होना चाहिये।
2. यह परीक्षा संपूर्ण भारत में रहने वाले पटेल / कलबी / ऑजणा / चौधरी समाज के अभ्यर्थियों के लिये आयोजित की जा रही है।
3. अभ्यर्थी न्यूनतम स्नातक तृतीय वर्ष उत्तीर्ण होना चाहिए।
4. अभ्यर्थियों को परीक्षा तिथि से 2 सप्ताह पूर्व ई–प्रवेश पत्र जारी कर दिये जाऐंगे, जिसे संस्था की वेबसाइट www.akhilanjanamahasabha.com से डाउनलोड किये जा सकते हैं। डाक द्वारा कोई प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा। ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन पत्र भरते समय सभी अभ्यर्थियों को ईमेल आई.डी. प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. जो अभ्यर्थी मेल आई. डी. पर ऑनलाइन आवेदन करते हैं, उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये अपना भरा हुआ मूल आवेदन पत्र मय आवश्यक दस्तावेज परीक्षा केन्द्र पर साथ लेकर आना होगा।
6. परीक्षा योजना – इस परीक्षा का पाठ्यक्रम और प्रकृति संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भारतीय प्रशासनिक सेवा ( प्रारम्भिक परीक्षा) के समरूप होगी। परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को चयनित बोर्ड / मैनेजमेंट के समक्ष आयोजित साक्षात्कार से गुजरना होगा, जिसमें वरीयता प्राप्त अभ्यर्थियों को ही छात्रवृत्ति के योग्य माना जायेगा।
7. अंतिम रूप से चयनित कुल 10 अभ्यर्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। छात्रवृत्ति संख्या में परिवर्तन बोर्ड / मैनेजमेंट अपने स्वविवेक से कर सकता है।
8. ओ. एम. आर. शीट में केवल काले बॉल पैन का ही इस्तेमाल करें।
9. परीक्षा केन्द्र पर मोबाइल फोन, ब्लूटूथ एवं अन्य इलैक्ट्रोनिक उपकरणों की अनुमति नहीं होगी।
10. परीक्षा के लिये किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

Scanned with OKEN Scanner

11. परीक्षा परिणाम में चयनित अभ्यर्थी को निर्धारित मापदण्ड अनुसार दिल्ली स्थित कलबी भवन में रहने की सुविधा उपलब्ध करवायी जा सकती है।

12. चयनित अभ्यर्थी का वर्ष के दौरान संबंधित कोचिंग संस्थान की परीक्षा के performance/ सिविल सेवा प्रारम्भिक परीक्षा के परिणाम के आधार पर आगे सुविधा देने या न देने का विचार विमर्श बोर्ड / मैनेजमेंट द्वारा किया जायेगा।

13. चयनित अभ्यर्थी को अधिकतम 3 वर्ष के लिये यह सुविधा दी जायेगी, जिसका निर्धारण समय-समय पर उसके परीक्षा परिणाम के मूल्यांकन के आधार पर होगा एवं अभ्यर्थी को दिल्ली में रहकर कोचिंग संस्थान में नियमित अध्ययन करना अनिवार्य होगा एवं त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराना जरूरी होगा।

14. अनुशासनहीनता की स्थिति में किसी भी समय अभ्यर्थी को इन सुविधाओं से वंचित करने का निर्णय बोर्ड / मैनेजमेंट का होगा।

15. अभ्यर्थी को कोचिंग /संस्थान चयन की स्वतंत्रता होगी।

16. अभ्यर्थी को उपरोक्त निर्देशों का उल्लंघन करने पर बोर्ड / मैनेजमेंट द्वारा भविष्य में आयोजित की जाने वाली सभी परीक्षाओं से वंचित कर दिया जाएगा।

17. प्रतिभा खोज परीक्षा 31 मई 2026 को अहमदाबाद ( गुजरात ) एवं जोधपुर (राजस्थान ) में आयोजित की जाने की संभावना है। अभ्यर्थी अपना आवेदन भरते समय परीक्षा केन्द्र का विवरण जरूर देवें।

ख) <u>अभ्यर्थियों के मार्गदर्शन हेतु सुविधा काउंटर :-</u>

1. अभ्यर्थी अपने आवेदन प्रपत्र, उम्मीदवारी आदि से संबंधित किसी प्रकार के मार्ग दर्शन /जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए निर्धारित कार्य दिवसों में प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे के मध्य तक व्यक्तिगत रूप से या वाट्सएप नं. 7568191816, 9414208862, 9925032330 पर संपर्क कर सकते हैं।

2. परीक्षा के लिये आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का प्रवेश अनंतिम (प्रोविजनल) होगा बशर्ते वे निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करते हों। अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार में अर्हता प्राप्त करने के उपरान्त बोर्ड / मैनेजमेंट द्वारा मूल प्रमाण पत्रों की भली भाँति जांच करके छात्रवृत्ति की स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

3. परीक्षा की नोडल एजेंसी अखिल भारतीय ऑजणा समाज महासभा, आबू पर्वत (राज.) होगी। अंतिम निर्णय उक्त नोडल एजेंसी का ही मान्य होगा।

********

Scanned with OKEN Scanner

# अखिल भारतीय आँजणा समाज महासभा, नई दिल्ली
## कार्यालय आबू पर्वत (राजस्थान)
### षष्ठम आई.ए.एस. प्रतिभा खोज परीक्षा 2026
### आवेदन पत्र

पास पोर्ट साइज फोटो

आवेदन पत्र संख्या ..........

1. नाम :- ..........
2. पिता का नाम:- ..........
3. जन्म तिथि :- ..........शब्दों में ..........
4. निवासी :- ..........
5. पत्राचार का पता :- ..........
.पिनकोड ..........आधार संख्या..........
6. मोबाइल नंबर ..........7. ई मेल एड्रेस ..........
8. शैक्षणिक योग्यता :-

| क्र सं | कक्षा | बोर्ड / वि. वि | उत्तीर्ण वर्ष | विषय | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | माध्यमिक | | | | |
| | उ. मा. | | | | |
| | स्नातक | | | | |
| | अधिस्नातम | | | | |
| | अन्य | | | | |

9 सलंग्न प्रमाण पत्रों की सूची:-
शैक्षणिक योग्यता .संबंधित समस्त दस्तावेजों की स्व प्रमाणित प्रति..........
..........

10 पूर्व में दिए गये प्रतियोगी परीक्षाओं का विवरण और उनका परिणाम :-
- आई. ए. एस. ..........
- संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित अन्य कोई परीक्षा..........
- राजस्थान या अन्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित अन्य कोई परीक्षा ..........
..........
- PSU/ GATE / NET परीक्षा ..........

अन्य प्रमाण पत्रों की सूची :-
- मूल निवास प्रमाण पत्र :-..........
- माता पिता या संरक्षक का व्यवसाय और वार्षिक आय का विवरण:-..........
- समाज से आप क्या सहयोग चाहते हैं, विवरण:-..........
..........

## स्व घोषणा प्रमाण पत्र

मैं ..........पुत्र/पुत्री श्री..........निवासी..........
शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य है। यदि इसमें कोई असत्यता पाई जाती है तो चयन समिति को मेरा नामांकन रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा एवं इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

हस्ताक्षर आवेदनकर्ता

Scanned with OKEN Scanner